तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 अब नशे में दिखा टुन्न तो ज्योति की टीम कर देगी कूल





14 रोड का चौड़ीकरण बजट में शामिल, अब लोगों को बनने का इंतजार




## खबर संक्षेप

### होली पर्व पर सताएगी गर्मी, पारा 40 तक पहुंचने के आसार

**धमतरी।** होली त्योहार पर तापमान का पारा 40 डिग्री पर पहुंचने का अनुमान है। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के चलते आगामी 3 दिनों में गर्मी 2 से 3 डिग्री बढ़ जाएगी। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो सिनोप्टिक सिस्टम तैयार हैं। पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण के साथ पश्चिमी ईरान तथा इसके आसपास क्षेत्र में समुद्र तल से 3.1 से 9.6 किमी के बीच बना हुआ है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम राजस्थान और इसके आसपास समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर विस्तारित है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। मध्य छत्तीसगढ़ में 12, 13 मार्च को अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री पर पहुंचने का अनुमान है।

### भरदा में अवैध गांजा गोली के साथ आरोपी गिरफ्तार



**कुरुद।** ग्राम भरदा में अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली कैप्सूल बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। आरोपी के पास से तलाशी के दौरान मादक पदार्थ गांजा, नशीली कैप्सूल सहित एक बटंची चाकू भी बरामद किया गया है। मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस ने ग्राम भरदा में इशांत यादव को घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली कैप्सूल बेचते दबोचा। आरोपी अपने आंगन में एक सफेद रंग की पॉलीथिन के अंदर अवैध गांजा, नशीली कैप्सूल बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया। तलाशी लेने पर एक बटंची चाकू भी आरोपी से बरामद किया गया। धारा 22(ख)20 (B) एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### अर्जुनी, खपरी के बीच बाईपास के सर्विस रोड में उठ रही दुर्गंध

# मरी हुई सैकड़ों मुर्गियों को खुले में फेंका, संक्रमण के डर से सहमे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाईपास मार्ग बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियों के फेंके जाने से आसपास के गांववाले दहशत में हैं। माहभर पहले ही प्रदेश में बर्डफ्लू की दहशत थी। ग्रामीण संक्रमण के खतरे से डरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मरी हुई मुर्गियों को खुले में फेंके जाने से बीमारियों का खतरा है।

संबलपुर से श्यामतराई तक बने बाईपास मार्ग में कई स्थानों पर मृत मुर्गियों को फेंक दिया गया है। इन मुर्गियों को एक स्थान पर नहीं बल्कि एक-एक करके गाड़ी में चलते हुए पूरे मार्ग पर फेंका गया है। अर्जुनी और खपरी के बीच पड़ने वाले ओव्हरब्रिज के पास सर्विस रोड में ही सैकड़ों मुर्गियों को फेंका गया है। इससे उठ रही दुर्गंध से लोग परेशान हो चुके हैं। मार्निंग वॉक पर निकले अर्जुनी के ग्रामीण यदुराम सिन्हा, गायत्री सिन्हा, इंद्राम सिन्हा, बिहारीलाल ध्रुव ने बताया कि तीन दिन पहले इन मुर्गियों को मार्ग पर फेंका गया है। अब इनके सड़ने से काफी दुर्गंध आ रही है। इससे इस मार्ग पर मार्निंग वॉक करना दूभर हो गया है। कई लोगों ने तो इस मार्ग पर मार्निंग वॉक करना बंद भी कर दिया है।

#### बीमारी का खतरा

बर्डफ्लू हो या न हो, लेकिन इस प्रकार खुले में मुर्गियों के शव फेंके जाने से आसपास बीमारी का खतरा बढ़ गया है। एफसीआई गोदाम के पास कुत्तों का झुंड भटकता रहता है। अर्जुनी और खपरी बस्ती में भी कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है। अब ये कुत्ते इन मरी हुई मुर्गियों को गांव बस्ती तक ले जा रहे हैं। जो दुर्गंध अब तक बाईपास मार्ग में थी अब गांव बस्ती तक पहुंच रही है। इससे कई प्रकार की बीमारी का खतरा बढ़ गया है।



#### बर्ड फ्लू का मामला नहीं

यह मामला बर्डफ्लू का नहीं है। वाहनों में ले जाते वक्त कई मुर्गियां मर जाती हैं। कई बार वाहन चालक इन मुर्गियों को सड़क पर फेंककर चले जाते हैं। यह मामला भी ऐसा ही है। पता चलने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत को चाहिए कि इन मरी हुई मुर्गियों को सही ढंग से डिस्पोज करें, ताकि लोगों को परेशानी उठानी न पड़े।

\- डॉ एमएस बघेल, *सहायक संचालक पशुधन विकास विभाग*

#### बर्डफ्लू की दहशत

फरवरी माह में रायगढ़ के सरकारी मुर्गी फार्म में बर्डफ्लू का मामला सामने आया था। दहशत के चलते वहां पर हजारों मुर्गियों को मार दिया गया। पूरे प्रदेश में बर्डफ्लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया था। सावधानी भी खूब बरती गई। अब इस प्रकार खुले में बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियों के मिलने से लोग दहशत में हैं। किसी न किसी बीमारी की चपेट आने से इतनी बड़ी मात्रा में मुर्गियों की मौत हुई है। मुर्गियों को खुले में फेंके जाने से मनुष्यों और अन्य पशु पक्षियों में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

## होली त्योहार पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस ने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- यातायात डीएसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

आगामी होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए सुचारू रूप से ट्रैफिक व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस ने तैयारी कर ली है। यातायात डीएसपी ने अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार यातायात डीएसपी सुश्री मोनिका मरावी ने होली त्योहार पर शहर की यातायात व्यवस्था को निर्बाध व दुर्घटनारहित संचालित किए जाने यातायात अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान यातायात डीएसपी ने शहर के चौक-चौराहों में फिक्स पाईंट ड्यूटी में तैनात होने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को सजग रहकर बाइक में ट्रिपल सवारी, शराब सेवन, ओव्हर स्पीड, मुखौटा लगाकर बाइक चलाने वाले, हुड़दंग करते हुए चलने वाले वाहन चालकों पर विशेष नजर रखने के साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन कराने समझाइश देने के साथ कार्रवाई करने के लिए कहा। यातायात पेट्रोलिंग में तैनात अधिकारियों को शहर के बस स्टैण्ड, सिहावा मार्ग, गंगरेल, रूद्री मार्ग एवं व्यस्ततम मार्गों में लगातार पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस ने आमजनों व वाहन चालकों से होली पर्व पर दोपहिया वाहनों में तीन सवारी, ओव्हर स्पीड, शराब सेवन, नशापान, ट्रिपल सवारी एवं मुखौटा पहनकर वाहन नहीं चलाने, किसी पर जबरदस्ती रंग नहीं डालने तथा यातायात नियमों का पालन कर व्यवस्था बनाने की यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

# कहीं शिक्षकविहीन तो कहीं जर्जर हुआ स्कूल





- झाझरकेरा के ग्रामीणों ने अगले सत्र से स्कूल में तालाबंदी करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में स्कूल और शिक्षा दोनों की हालत खराब है। कई स्कूल जर्जर हैं तो कहीं शिक्षक ही नहीं है। मगरलोड के ग्राम झाझरकेरा की माध्यमिक शाला स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनी हुई है। वहीं नगरी की ग्राम पालवाड़ी की प्राथमिक शाला शिक्षकविहीन हो गई है। झाझरकेरा की शाला प्रबंधन समिति सहित ग्रामीणों ने अगले सत्र से स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे माशा झाझरकेरा शाल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मानसिंग ध्रुव सहित ग्रामीण लखन दास, देवेन्द्र सिन्हा, श्रवण कुमार, मुकुंद निषाद, ओमप्रकाश ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि झाझरकेरा की माध्यमिक शाला अतिजर्जर हो गई है। छत से प्लास्टर गिरने लगा है। बच्चों को बैठाकर पढ़ाना खतरे से खाली नहीं है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उनकी मांग है कि नवीन शाला भवन, शौचालय भवन की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने चेताया है कि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आगामी सत्र 2025-26 में स्कूल में तालाबंदी की जाएगी।

#### पालवाड़ी स्कूल में शिक्षकों की कमी



मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे नगरी की ग्राम पालवाड़ी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष प्रतिभा, फकीरराम, कोमल ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि प्राशा पालगांव में अंकालुराम सलाम प्रधानपाठक हैं। 28 फरवरी को हुई सड़क दुर्घटना में पैर टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया है प्रधानपाठक का दो से तीन माह स्कूल आना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि शाला एकल शिक्षकीय है। पालवाड़ी में पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। 17 मार्च से 5वीं की वार्षिक परीक्षा है। 1 अप्रैल से पहली से चौथी की परीक्षा होनी है। इस परीक्षा की घड़ी में पर्याप्त शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

### परंपरागत तरीके से पीला चावल, गमछा लगाकर किया स्वागत

# आदिवासी समाज ने कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ध्रुव गोंड़ समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने नए कलेक्टर अविनाश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर का स्वागत परंपरागत तरीके से पीला चावल, पीला गमछा लगाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। जिलाधीश ने समाज के लोगों से कहा कि वह अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराएं ताकि समय रहते उन समस्याओं का उचित निराकरण हो सके।

ध्रुव गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखन मरई ने कलेक्टर को अवगत कराया कि जिले में आदिवासी समाज की कृषि भूमि को गैर आदिवासी समाज के लोग बलपूर्वक हड़प रहे हैं और अपनी बेनामी सम्पति बना रहे हैं। ऐसे मामलों पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। वहीं आदिवासी भूमि की परमिशन पूर्व समाज को सूचित करने का निवेदन कलेक्टर से किया। जिस पर कलेक्टर ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया। मौके पर जिलाध्यक्ष माधव सिंह ध्रुव, संरक्षक जीवराखन मरई, शिवचरण नेताम ,जयपाल सिंह ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव, चुन्नीलाल ध्रुव, सोमनाथ ध्रुव, हरिश्चंद्र नेताम, गणेश राम मरई, पुनूराम नेताम, सेवकराम ध्रुव, भानुराम नेताम, कृपाराम ध्रुव, परसादी राम चन्द्रवंशी, कोमल सिंह नेताम, काशीराम छेदैया, ठाकुरराम मंडावी, मानसिंह ध्रुव, अर्जुनसिंह कोर्राम, श्यामलाल ध्रुव, संतोष ध्रुव, गिरधारीलाल नागवंशी, शिव नेताम,घनश्याम नेताम,ठाकुर राम नेताम, राधेश्याम नेताम, ललित ठाकुर, शिवप्रसाद कोर्राम, कृष्णा नेताम, भीखम नेताम, नन्दा नेताम, गीता नेताम, शशि ध्रुव, अनीता ध्रुव, चन्द्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, चंद्रिका ध्रुव, राजेंद्र पडोटी, नीलू छैदेया, रामेश्वर मरकाम, हर्ष मरकाम सहित बड़ी संख्या सामाजिकगण उपस्थित थे।



# नए स्वरूप में नजर आने लगा जिला अस्पताल का गार्डन, सौंदर्यीकरण का कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल भवन के सामने स्थित गार्डन के सौन्दर्यीकरण का कार्य पूरा होने से यह गार्डन नए स्वरूप में नजर आएगा। गार्डन के सौन्दर्यीकरण का कार्य जारी है।

जिले का सबसे बड़े शासकीय अस्पताल के निर्माण के समय से ही अस्पताल भवन के सामने गोलाकार आकृति में गार्डन विकसित किया गया। गार्डन को तार जाली के फेंसिंग से घेरा गया था। वहीं गार्डन में आम, अमरूद, नारियल, खम्हार, नीलगिरी सहित अन्य फलदार व छायादार वृक्ष रोपे गए थे। इसके अतिरिक्त औषधीय पेड़ पारिजात, नींबू व विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए थे। समय के साथ फलदार व छायादार पौधे पेड़ बन गए। लंबे समय तक अस्पताल के सामने गार्डन में हरियाली व रंग-बिरंगे



फूल आने वाले लोगों की आंखों को ठंडक पहुंचाते रहे। कुछ वर्ष पहले अस्पताल परिसर में विभिन्न निर्माण कार्य किए गए। अभी भी नया अस्पताल भवन निर्माण कार्य जारी है। जिसमें अस्पताल भवन के आसपास उग आई झाड़ियों की सफाई कर खाली स्थानों पर पेवर ब्लाक लगाया। गार्डन में भी छोटी झाड़ियों को काटकर पेड़ों की छाया में मरीज व उसके अटेन्डरों के बैठने व भोजन करने के लिए पेवर ब्लाक लगाया गया। इसके बाद से गार्डन की हरियाली खत्म हो गई। जिसे दोबारा विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। वृहत्ताकार बने गार्डन के किनारे फूलों के पौधे लगाने क्यारी बनाई गई है। वहीं गार्डन को रेलिंग व ग्रील से घेरकर नया स्वरूप दिया जा रहा है। गार्डन में पहले से स्थित पेड़ों की छाया लोगों को विशेषकर गर्मी के दिनों शीतलता पहुंचा रही है। गार्डन के सौन्दर्यीकरण का कार्य पूरा हो जाने से इसका स्वरूप काफी आकर्षक लगेगा। जहां मरीज व उसके साथ आए लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएगी। सौन्दर्यीकरण का कार्य आरईएस द्वारा कराया जा रहा है।

#### क्यारियों में फूल व पेड़ लगाए जाएंगे

अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि आरईएस विभाग द्वारा गार्डन के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। क्यारियों में फूल व पेड़ लगाए जाएंगे। अस्पताल आने वालों को गार्डन से काफी राहत मिलेगी।

# भौतिक के कठिन प्रश्नों से चकराया छात्रों का दिमाग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कक्षा बारहवीं के भूगोल और भौतिक शास्त्र के पेपर में 35 छात्र अनुपस्थित पाए गए। कुल 5500 छात्रों ने परीक्षा दिलाई। अब तक उड़नदस्ते ने खाता नहीं खोला है। अभी तक कक्षा बारहवीं और दसवीं की परीक्षा में एक भी नकलची नहीं पकड़ाया है।

मंगलवार को कक्षा बारहवीं के छात्रों ने भूगोल और भौतिक शास्त्र के पर्चे हल किए। छात्रों ने बताया कि पर्चे में कठिन प्रश्न पूछे गए थे। जैसे-तैसे प्रश्नों को हल कर कर लिया है। इस साल रिजल्ट अच्छा आने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि इस दिन परीक्षा केंद्रों में दर्ज संख्या 5535 थी, इसमें से 5500 छात्रों ने ही परीक्षा दिलाई। 35 छात्र अनुपस्थित रहे। सबसे ज्यादा अनुपस्थिति धमतरी ब्लाक में रही। जहां पर 1878 छात्रों ने परीक्षा दिलाई। 17 अनुपस्थित रहे। कुरूद में 8 छात्र अनुपस्थित रहे। 1634 ने परीक्षा दिलाई। नगरी में 1011 ने परीक्षा दिलाई। 6 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार मगरलोड में 977 ने परीक्षा दिलाई। 4 अनुपस्थित रहे।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


### पूर्व मुख्यमंत्री के घर में हुई कार्रवाई को लेकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार व ईडी का फूंका पुतला

# भाजपा विपक्ष के नेताओं को डराने ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन किया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास सहित विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से केंद्र सरकार एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकले। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास भी किया लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला फूंक दिया। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने सरकार पर आरोप लगाया कि हमारे नेताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। हमारे नेताओं के खिलाफ उनके पास कोई सबूत नहीं है, सिर्फ परेशान करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। हमारे पूर्व मंत्री कवासी लखमा को भी जेल में डाल दिया गया है। उनके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं है। अब तक पुलिस कुछ भी पेश नहीं कर पाई है





पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों की आवाज को कुचलने में जुटी है। सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग कर चुनाव जीत के बाद अपनी नाकामी छिपाने निम्न स्तर के कृत्यों का सहारा ले रही है। पूर्व अध्यक्ष दुग्ध महासंघ विपिन साहू ने कहा कि भाजपा ईडी को विपक्ष के लिए हथियार की तरह उपयोग करने का काम कर रही है। भाजपा वाशिंग मशीन की तरह है जहां अपराधियों के शामिल होने के बाद वह सभी अपराध मुक्त हो जाते हैं। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। 7 साल पुराने झूठे केस को कोर्ट ने खारिज कर दिया, तो अब दुर्भावना से ईडी को मोहरा बना दिया गया। हम सब एकजुट होकर इस लोकतांत्रिक लड़ाई को लड़ेंगे।

मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस भरत नाहर, महामंत्री जिला कांग्रेस आलोक जाधव, अमरदीप साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, अखिलेश दुबे, घनश्याम साहू, राजू साहू, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, राजू साहू, अरविंद दोशी, पार्षद दीपक सोनकर, ऋषभ ठाकुर, विशु देवांगन, जनपद सदस्य बृजेश जगताप, राजेश ठाकुर, राजेश पाण्डेय, सोमेश मेश्राम, प्रतिमा कोसरे, विक्रांत पवार, चितेन्द्र साहू, दीपक साहू, तोगू गुरुपंच, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, अजय डहरिया, गैंदलाल साहू, गीतराम सिन्हा, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कामड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक आज

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 12 मार्च बुधवार को आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का सम्मान, होली मिलन समारोह के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### आज से 28 मार्च तक श्रम पंजीयन शिविर

**धमतरी।** जिले के मेहनतकश श्रमिकों को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए श्रम विभाग द्वारा पंजीयन शुरू किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यस्थल पर ही पंजीयन शिविर लगाया जा रहा है, ताकि श्रमिकों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। चारों विकासखण्ड धमतरी, मगरलोड, कुरूद और नगरी में 12 से 28 मार्च तक श्रम पंजीयन शिविर लगाये जाएंगे।

### वसीम ने पहला रोजा पूरा किया

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत हंकारा के आश्रित ग्राम कसही निवासी अहमद कुरैशी की पुत्री वसीम कुरैशी 8 वर्ष ने रमजान के पवित्र महीने पर पहला रोजा पूरा किया। वह कक्षा तीसरी की छात्रा हैं।



### आठवीं के छात्रों को दी विदाई, हुआ न्योता भोज

**नरहरपुर।** विकास खंड नरहरपुर अंतर्गत 10 मार्च को माध्यमिक शाला कुरना में कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं को छठवीं एवं सातवीं के बच्चों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिशन बाई साहू, गंगा बाई जुर्री, ममता जुर्री, सुनीता जुर्री, सरस्वती साहू, रामिका जुर्री के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में शाला के प्रधान पाठक जीवन लाल कुंजाम, गेंदलाल सलाम, अखिलेश नामदेव, दिव्येंदु मंडल, निर्मला कोर्राम, हेमलता गंगबेर, भगवती साहू एवं छात्रा उपस्थित रहे।

### कोटवार संघ का हुआ चुनाव अध्यक्ष बने गणेशराम

**कांकेर।** तहसील कांकेर के कोटवार संघ का चुनाव पुराना तहसील कोटवार सदन कांकेर में 10 मार्च को हुआ। संघ द्वारा यह चुनाव हर 5 साल में किया जाता है। चुनाव में सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। संघ का अध्यक्ष गणेशराम कुलदीप, सचिव सोहन लाल कुलदीप, उपाध्यक्ष सुनिता मंडावी, कोषाध्यक्ष निर्मल कुलदीप, सह सचिव दिनेश कोर्राम व सरंक्षक कुनेशदास मानिकापुरी, राधेलाल नाग, मिना बघेल, कुंती कुलदीप को चुना गया। इस दौरान यशवंत, टीकाराम, रामजी, भूपति और श्याम कौशल उपस्थित रहें।

## निधन

### कुंवरबाई देवांगन

**धमतरी।** कलेक्ट्रेट के पास रहने वाली कुंवरबाई देवांगन (95) पति बरातूराम का सोमवार को रायपुर में निधन हो गया। वे कमलनारायण देवांगन एवं ओंकार प्रसाद देवांगन की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा गृहनिवास कलेक्ट्रेट के पास से शांतिघाट दानीटोला के लिए निकली।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंतरज्योति मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## महिला कमांडो : नगर को नशा व अपराध मुक्त बनाने फिर थामा टार्च व डंडा

# अब नशे में दिखा टुन्न तो ज्योति की टीम कर देगी कूल

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

नगर पंचायत कुरुद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने शपथग्रहण करते ही शहर को नशा व अपराध मुक्त करने सभी वार्डों में महिला कमांडो का गठन कर दिया है। अब यदि सार्वजनिक जगहों पर नशा बेचते या नशे में टूल दिखेंगे तो ज्योति की टीम आपको वहीं कूल कर देंगी। पहले तो असामाजिक तत्वों को समझाइश दी जायेगी बावजूद नहीं सुधरे तो पुलिस की मदद ली जायेगी।

अपने चुनावी घोषणा पत्र पर अमल करते हुए अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने एसडीओपी रागिनी मिश्रा के साथ मिलकर शपथग्रहण के तत्काल बाद नगर की सैकड़ों महिलाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बैठक की। 15 वार्डों के लिए तैयार की गई करीब 500 महिलाओं की टीम को हाथों में डंडा, टार्च व सीटी बजाकर प्रमुखता से सार्वजनिक जगहों में नशे के कारोबार में लिप्त लोगों को सबक सिखाने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्योति की इस साहसिक पहल से नशे के दलदल में फंस चुकी युवा पीढ़ी और बर्बाद होते परिवार को अब फिर से नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में उम्मीद की एक नई किरण दिखाई दे रही है।

उलेखनीय है कि रमन सरकार में नशा के खिलाफ लड़ाई लड़ने में गांव से लेकर शहर तक गठित की गई महिला कमांडो की टीम बेहतर काम कर रही थी। लेकिन सत्ता परिवर्तन होने के बाद इन्हें शासन-प्रशासन से कोई सहयोग नहीं मिला जिसके चलते महिलाओं की कमांडो टीम स्वतः ही भंग हो गई। बीते पांच साल में फिर से नशे के वैध-अवैध कारोबार में फिर बढ़ोतरी देखी गई। जिसकी गिरफ्त में आकर कई परिवार तबाह हो रहे हैं जिसे बचाने महिला कमांडो को फिर से सक्रिय किया जा रहा है। इसकी शुरुआत नगर पंचायत कुरुद में अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के नेतृत्व में हो चुकी है।







### अराजकता फैलाने वाले सुधर जाएं नहीं तो हम सुधार देंगे

नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि गोली गांजा, शराब के अवैध कारोबार व नशापान कर अराजकता फैलाने वाले सुधर जाएं नहीं तो हम सुधार देंगे। महिलाएं अब सिर्फ घरों में नहीं रहेंगी, बल्कि वे नगर की सुरक्षा और भलाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात से ही उनकी महिला कमांडो की टीम ने नगर की गलियों में गश्त शुरू कर दी है। यह महिला कमांडो न केवल नगर की सुरक्षा और नशे के खिलाफ सड़क पर उतरेगी बल्कि नगरवासियों को भी जगाने का प्रयास करेगी।

### अपराध रोकने पुलिस हर किसी के साथ खड़ी है

एसडीओ रागिनी मिश्रा ने महिला कमांडो को आश्वासन किया है कि वे निडर होकर कानून के दायरे में रहकर अपने कर्तव्यों को निभाएं जिसके लिए पुलिस प्रशासन पूरा सहयोग और सुरक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा है कि हम मिलकर नगर में नशे और अपराध पर काबू पाने का काम करेंगे। महिला कमांडो को पुलिस प्रशासन का पूरा समर्थन मिलेगा, ताकि वे नशे के कारोबारियों से निपटने में सफल हो सकें। अपराध रोकने पुलिस हर किसी के साथ खड़ी है।

## नपं मगरलोड में उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा

कांग्रेस की रूक्मणी ने भाजपा के यादराम को 3 वोट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैसमुंडी में उपाध्यक्ष पद के लिये 11 मार्च को नगर पंचायत के सभागृह में चुनाव हुआ। पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बीएस मरकाम ने चुनाव सम्पन्न कराया। उपाध्यक्ष पद के लिये कांग्रेस पार्टी की ओर से वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद रूक्मणी तोरण सिन्हा व भाजपा से वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद यादराम गायकवाड़ ने फार्म भरा। नगर पंचायत अध्यक्ष और 15 पार्षद सहित कुल 16 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रूक्मणी तोरण सिन्हा को 9 वोट तथा भाजपा प्रत्याशी यादराम गायकवाड़ को 6 वोट मिले और एक वोट रिजेक्ट हुआ। इस प्रकार रूक्मणी सिन्हा 3 मत से विजयी प्राप्त कर नगर पंचायत की उपाध्यक्ष बनीं।

मौके पर सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, पर्यवेक्षक तारिणी चंद्राकर, प्रभातराव मेघावाले, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, नपं अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू, ब्लाक अध्यक्ष डीहूराम साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, जनपद सदस्य विनीत बाफना, सुरेश साहू, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पूर्व नपं उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, हेमंत देवांगन, रहमान खान, डाकुवर साहू, शंकर साहू, यक्ष साहू, विक्की, दिगवा, लीलाराम साहू, तोरण सिन्हा, बालगोविंद साहू, खिलावन साहू मौजूद थे।



## प्रतिभा सेनचुवा पंचायत की उपसरपंच बनीं



हरिभूमि न्यूज ⏩डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत भवन सेनचुवा में उपसरपंच का निर्वाचन किया गया जिसमें प्रतिभा साहू विजयी हुई। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी चित्रसेन साहू, नव निर्वाचित सरपंच जितेन्द्र साहू, सचिव खेमलता साहू, रोजगार सहायक टेमिन साहू, ग्राम पंचायत भृत्य सोमनाथ तारक, वार्ड पंच टेमन चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, कन्हैया यादव, मनोज साहू, रेवती साहू, सरस्वती खुटेर, हितेश्वरी साहू, सुरजा ध्रुव, अनुराधा साहू, डोमेश्वरी सेन, ऐश्वर्या साहू उपस्थित थे। प्रतिभा के उपसरपंच बनने पर शम्भूराम चंद्राकर, अभयराम साहू, टीकाराम साहू, रमेश ध्रुव, पवन यादव, खोरबाहरा यादव, रामकिशोर साहू, विक्रम साहू, नारायण खुटेर, डोमार ध्रुव, देवीसिंग ध्रुव, दिनेश साहू, वामदेव साहू ने हर्ष जताया है।

## निषाद समाज ने प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में आयोजित किया गया। कोषाध्यक्ष परमा निषाद ने पूरक बजट प्रस्तुत किया। समाज ने प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया। ग्राम दरगहन की मुस्कान निषाद पिता रिखी राम निषाद को सीजी पीएससी कोचिंग के लिए 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर द्वारा 10001 की सहयोग राशि प्रदान की गई।

इस दौरान पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नील निषाद, कोषाध्यक्ष परमा निषाद, सहसचिव राजू निषाद, संरक्षक सागर निषाद, जिला कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, जिला संगठन उप सचिव मनराखन निषाद, खुमान निषाद, प्रकाश निषाद, बेनीराम निषाद, उधो निषाद, रामगुलाल निषाद, उमाशंकर निषाद, लखन निषाद, चेतन निषाद, टोमन निषाद उपस्थित थे।

## 261 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का लाभ

- कोर्रा के पूर्व सरपंच ने क्षेत्र के बच्चों को 7वीं बार स्वर्ण प्राशन की खुराक दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा के पूर्व सरपंच चोवाराम साहू ने बच्चों के स्वास्थ के लिए अनोखी पहल की है। बच्चों को स्वर्ण प्राशन की खुराक दिलाने 27 सितंबर 2024 से शुरुआत की है जो लगातार जारी है। इससे कोर्रा सहित क्षेत्र के बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।



ज्ञात हो कि आयुष विभाग द्वारा प्रत्येक पुष्य नक्षत्र पर बच्चों का स्वर्ण प्राशन किया जाता है। 27 सितंबर 2024 को चोवाराम साहू ने स्वयं के खर्च से गांव के बच्चों को धमतरी के शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में स्वर्ण प्राशन की खुराक दिलवाई। जिसके बाद ग्राम कोर्रा के शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में पुष्य नक्षत्र पर 24 अक्टूबर, 20 नवंबर, 19 दिसंबर, 12 जनवरी, 11 फरवरी के बाद 7 वीं बार कोर्रा सहित क्षेत्र के बच्चों को 10 मार्च को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोर्रा के शासकीय आयुर्वेद औषद्यालय में 261 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुष विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करती है। ग्राम कोर्रा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में 6 माह से 16 साल तक के बच्चों को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया गया। 261 बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिला। आयुष चिकित्सक ने बताया कि ऋषि-मुनियों द्वारा हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने के लिए एक ऐसे रसायन का निर्माण किया, जिसे स्वर्ण प्राशन कहा जाता है। स्वर्ण प्राशन के सेवन से बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास बेहतर होता है।



इस दौरान पूर्व सरपंच चोवाराम साहू, पूर्व उपसरपंच आशीष साहू, पंच युवराज कोमल साहू, फार्मासिस्ट ओंकार साहू, पवन साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविर में 105 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति द्वारा स्व. पाण्डुरंग शंकरराव मोघे की स्मृति में ग्राम पोटियाडीह में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिवबती शिशुपाल जांगड़े सरपंच, संत कुमारी साहू जनपद सदस्य, राजीव गिरी गोस्वामी उपसरपंच, शिरोमणी राव घोड़पडे वरिष्ठ स्वयंसेवक ने शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में डॉ केएस शांडिल्य सेवानिवृत्त पूर्व सीएमओ, डॉ. धर्मेन्द्र सिन्हा आयुर्वेद, पंचकर्म, डॉ वीथिका विश्वास, डॉ दानीराम सिन्हा, लतिश शर्मा, रामेश्वर सोनवानी ने सेवाएं दीं। शिविर में 105 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया।



कार्यक्रम में चित्रोत्पला लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष सनत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष भंवर लाल देवांगन, सदस्य दीनबन्धु सिन्हा, राकेश जाधव, प्रदीप अग्रवाल, दीपक पाठक, घनश्याम साहू विभाग सहकार्यवाह, ईश्वर देवांगन, सेवकराम साहू, जितेंद्र यादव, तेजराम देवांगन, सोमन साहू, भेषकुमार, केशव ओझा, रवि कुमार, विजयपाल पटेल का योगदान रहा।

## अंचल की खबरें

### खाटू श्याम मंदिर से निकली निशान यात्रा



**कुरूद।** फागुन महोत्सव के अवसर पर इस वर्ष भी बाबा खाटू श्याम मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा के भजनों में जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया। खाटू नरेश श्री श्याम मंदिर से शाम को भव्य निशानयात्रा निकाली गई। यह निशानयात्रा श्याम मंदिर से थाना चौक, पुराना बाजार, कारगिल चौक से शंकरनगर होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची जहां पर भक्तों ने जमकर होली खेली और बाबा के जयकारे लगाए।

### महिला कर्मचारियों का किया गया सम्मान



**कुरुद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कुरुद संभाग के अंतर्गत समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कार्यालय की मातृशक्तियों श्रीमती चन्द्राणी, अन्नपूर्णा, प्रिया, पिंकी, गायत्रीका सम्मान पुष्पगुच्छ, अभिनंदन पत्र, चॉकलेट भेंटकर किया गया। इस अवसर पर संभागीय कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे, एलएल ध्रुव, टीआर निषाद, केडी देवांगन, शेषराज, लोकेश्वर साहू, दिलीप, अश्वनी पटेल, पीयूष, तेजेन्द्र, तुलेंद्र, आफताब, भूपेंद्र, रंजीत आदि मौजूद थे।

### नवागांव पंचायत के जीवन बने उपसरपंच



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत नवागांव (कंडेल) में उपसरपंच का निर्वाचन किया गया, जिसमें जीवनलाल डहरिया विजयी हुए। नवनिर्वाचित सरपंच लखन ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, कोषाध्यक्ष किशन साहू, सदस्य कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, लीलाराम कुर्रे, अशोक सोनवानी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बोड़रा में रामसिंह निर्विरोध उपसरपंच बने



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत बोड़रा (पुरी) में सरपंच जीवनलाल देवांगन निर्विरोध चुने गए हैं। सभी पंच एवं सरपंच की सहमति से रामसिंह साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी प्रभा शर्मा, भगत यादव पूर्व जनपद सदस्य, हरेंद्र साहू, संतोष सेन, रतिराम यादव, हिम्मत साहू, मोती साहू, डोमन चंद्राकर, मेवाराम साहू, जीवन देवांगन सरपंच, देवलाल ध्रुव, छबिलाल ध्रुव, रामकृष्ण निषाद पंच, मालती ध्रुव पंच, चुनेशवरी ध्रुव पंच, अंगेशवरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### दरगहन में भाजपा समर्थित देविका बनीं उपसरपंच



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत दरगहन में उपसरपंच का चुनाव हुआ जिसमें श्रीमती देविका मरकाम भाजपा समर्थित प्रत्याशी और कांग्रेस समर्थित श्रीमती फलप्रदा यादव ने नामांकन भरा था। देविका मरकाम ने 5 वोट से विजयी होकर उपसरपंच का पद प्राप्त किया। उनके उपसरपंच बनने पर पूर्व सरपंच अमरसिंह पटेल, पूर्व सरपंच सुदर्शन साहू, बोहरिक ध्रुव, नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी भीम साहू व पंचगण दीनादास, चंद्रिका बाई साहू, संतोष ध्रुव, सुषम बाई ध्रुव, मेघनाथ ध्रुव, श्रीमती नंदेश्वरी ध्रुव, मनाराम साहू, माखन दास, होरीलाल ध्रुव, ग्राम प्रमुख गोवर्धन ध्रुव, मन्नूराम साहू, निरंजन दास, चुनेश्वर यादव, रुखम साहू, अशोक साहू, राजेंद्र साहू ने हर्ष जताया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी है।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, आंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत प्राथमिक शाला दमकसा में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज करवा कर स्कूल प्रबंधन ने सह सम्मान विदाई दिया। प्रधान पाठिका खुशबू योगी ने बच्चों से अच्छे पढ़ाई करने और स्व अनुशासित रहने, अपने और परिवार के साथ देश का नाम रोशन करने कि बात कहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना किया। इस दौरान शारदा चंद्रवंशी, मनीषा दुग्गा एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

### मिर्गी आने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 45 वर्षीय अमर सिंह टांडिया का मौत हो गया। तुड़गे निवासी अजित टांडिया ने पुलिस को बताया कि मृतक को मिर्गी बीमारी से ग्रस्त था। साथ ही शराब पीने का शौकिन था। भानुप्रतापपुर के बाजारपारा के पास 9 मार्च की रात को मिर्गी आने व अत्याधिक शराब पीने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### उल्लास साक्षरता महापरीक्षा में 4885 शिक्षार्थी होंगे शामिल

**दुर्गूकोंदल।** उल्लास साक्षरता के अंतर्गत राष्ट्रीय व्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में विकासखंड दुर्गूकोंदल को 4800 का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें 4885 का पंजीयन कर शिक्षार्थियों को परीक्षा में बिठाया जाएगा। यह परीक्षा विकासखंड में दो चरणों में होगी। नवसाक्षरों का पहले चरण की महा परीक्षा 23 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसमें 2900 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे, तथा बचे हुए शिक्षार्थी दूसरा चरण में परीक्षा देंगे।

### चिरायु योजना से दो साल के बच्चे व परिवार के चेहरे पर आई खुशी

**दुर्गूकोंदल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है।



ब्लॉक के बहुत सारे बच्चे इस योजना से लाभान्वित हो चुके है। ग्राम कालागांव में मास्टर युश कुमार उम्र 2 वर्ष जन्म से ही कटे फटे होंठ से पीड़ित था, जिसके कारण उसे बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। चिरायु टीम के डॉ. विकास मिश्रा को जानकारी मिली, उन्होने बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण आंगनबाड़ी कालागांव में किया। परिजनों को समझाकर बच्चे को उपचार के लिए ओम हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया, जिसका सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन निःशुल्क कराया गया, अब बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं और परिवार में खुशी का माहौल है।

स्वाद ऐसा की खींचे चले आते हैं लोग

# गर्मियों में ठंडक का अहसास कराते हैं बर्फ के गोले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




गर्मी में ठंडकता के लिए चुस्की का स्वाद तो हर कोई लेता है लेकिन धमतरी के एक ठेले पर मिलने वाली चुस्की का पूरा शहर दीवाना है। इस चुस्की का स्वाद 25 साल पुराना है। गर्मी की दस्तक के साथ लोगों में इस चुस्की के लिए तड़प उठना शुरु हो जाता है। सिर्फ गर्मी के सीजन पर मिलने वाली निर्भय साहू की खास चुस्की शहर के लोगों पर एकतरफा राज करती है।

निर्भय साहू के ठेले पर मिलने वाली चुस्की का स्वाद कुछ ऐसा है कि जब तक इसके दीवाने दिन में एक बार चुस्की को मुंह में नहीं लगाते तब तक गर्मी में चैन नहीं मिलता। हटकेशर निवासी निर्भय साहू ने बताया कि वे पिछले 25 साल से गर्मी के सीजन में ठेले पर चुस्की का व्यवसाय करते हैं। उस समय बर्फ की कीमत प्रतिकिलो 35 पैसे थी। आज 10 रुपए किलो में बर्फ मिलती है। वे हटकेशर शासकीय स्कूल के पास ठेला लगाते हैं। दिनभर में 50 किलो बर्फ खप जाती है। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को सिर्फ 5 रुपए में चुस्की बेचते हैं। आर्डर मिलने पर उसे 3 से 4 हजार रूपए की कमाई हो जाती है। उनकी चुस्की के दीवाने इतने हैं कि शहर के विभिन्न क्षेत्र से लोग चुस्की खाने आते हैं। निर्भय साहू की नींबू वाली शिकंजी से लोगों का गहरा नाता है।

चुस्की के दीवाने सुमेरी ध्रुव, मुकेश साहू, देवेंद्र साहू ने बताया कि निर्भय की चुस्की जायकेदार है। चाहे कितनी गर्मी हो इसकी चुस्की पीने के बाद दिल और दिमाग दोनों ठंडा हो जाता है और गर्मी कुछ पल के लिए छूमंतर हो जाती है। नींबू वाली शिकंजी पीते ही दिल खुश हो जाता है। इनके हाथों में कुदरती का ऐसा स्वाद है जो लोगों को ठेले तक खींच लाता है। इनकी चुस्की की एक खास बात यह भी है कि पूरा माल वे घर पर हाथों से तैयार करते हैं। रेग्युलर चुस्की के अलावा ठेके पर बर्फ का गोला, घिसा बर्फ, लेमन सोडा, नींबू शिकंजी जैसे कई आइटम अलग-अलग फ्लेवर में मिलते हैं।

# नगर के चौक-चौराहों पर सजी नगाड़ों, पिचकारी, रंगों की दुकान



- बोर्ड, कालेज परीक्षा के चलते नगाड़ों की गूंज सुनाई नहीं दे रही

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

रंगों का पर्व होली अब कुछ दिन शेष रह गया है। लेकिन नगर के नगाड़ा बाजार में ग्राहकों का टोटा बना हुआ है। इससे विक्रेता उठाव को लेकर थोड़े चिंतित नजर आ रहे हैं। इस बार यह पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। इसे लेकर नगर में नगाड़ा का बाजार सज गया है। क्योंकि नगाड़ों के बिना यह पर्व बिल्कुल अधूरा है। होली पर्व पर लोग एक जगह एकत्र होकर फाग गीत गाते हुए नगाड़े की थाप पर जमकर थिरकते हैं।

नगाड़ा बेचने 60 किलोमीटर दूर से आए धर्मेंद्र, बृजेश ने बताया कि नगाड़ों पर महंगाई की मार है। पिछले साल बड़े आकार का नगाड़ा 1500 रुपये जोड़ा था जो इस वर्ष बढ़कर 3000 रुपये हो गया है।

मीडियम साइज का नगाड़ा 1000 था जो बढ़कर 1500 रुपये हो गया है। छोटी साइज का नगाड़ा 50 से 100 रुपये था, वह बढ़कर इस बार 100 से 200 रुपये हो गया है। युवाओं को नगाड़ा के लिए जेब ढीली करनी पड़ेगी।

वहीं दूसरी ओर बोर्ड के अलावा कालेज परीक्षाएं भी चल रही हैं। इसलिए भी नगाड़ों की गूंज सुनाई नहीं दे रही है। हालांकि होली पर्व के पूर्व बोर्ड परीक्षा इस बार खत्म हो जाएंगी। इससे बोर्ड परीक्षार्थी जमकर होली खेल सकेंगे। पहले 15 दिन पहले रात्रि में गली मोहल्लों में नगाड़े की आवाज सुनने मिलती थी। धीरे-धीरे वही उत्सुकता कम दिखाई दे रही है।

विधायक चंद्राकर ने दिलाई स्वीकृति, क्षेत्र के किसानों में हर्ष

# तीन करोड़ से बनेगा तीन किमी लंबा जोरातराई-इर्रा मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2025-26 में विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम जोरातराई से इर्रा मार्ग लंबाई करीब 3 किमी के लिए लोकनिर्माण विभाग से 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलवाई है। क्षेत्र के किसानों को किसानी कार्य करने में अब असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब उन्हें दोहरा लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि कुरुद विधानसभा के अंतिम छोर के ग्राम जोरातराई (सि) व इर्रा के बीच करीब डेढ़ किमी तक कच्चा सड़क मार्ग है। कुल लंबाई करीब 3 किमी है। उक्त आधे अधूरे सड़क के दोनों ओर केवल कृषि भूमि ही है जिसके चलते दोनों ग्राम के किसानों को कृषि कार्य करने में भारी असुविधाओं के साथ ज्यादा लागत लगाकर अपना किसानी कार्य करना पड़ता है। किसानों की असुविधा को देखते हुए क्षेत्र के भाजपा नेता चोवाराम गंजीर ने जोरातराई से इर्रा तक पक्की सड़क बनाने की मांग पंचायत चुनाव से पहले क्षेत्रीय दौरे पर आये विधायक अजय चंद्राकर से की थी। जिसे उन्होंने पूरा करते हुए छग विधानसभा के बजट सत्र में शामिल करवाकर लोक निर्माण विभाग से 3 करोड़ की स्वीकृति दिलवाई है। उक्त सड़क के बन जाने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि किसानी में आने वाली दिक्कतें व लागत भी कम हो जायेगी। किसानों को दोहरा लाभ होगा। सड़क बन जाने से कृषि भूमि के बाजार मूल्य में वृद्धि होगी।

उक्त स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के किसान चोवाराम गंजीर, दानीराम साहू, पूनमचंद साहू, हेमंत साहू, खिलेश्वर साहू, महेश्वर साहू, विनोद साहू, पूरनलाल, मंशाराम साहू, प्यारेराम, भावप्रकाश साहू, संजय साहू, यशवंत साहू, लक्ष्मण साहू, गंभीर साहू, पवन साहू, हेमप्रकश साहू, प्रताप साहू, सरोज साहू, राकेश साहू, रमेश साहू ने हर्ष व्यक्त कर विधायक श्री चंद्राकर का आभार माना है।

### डांडेसरा स्कूल में महिला दिवस

**डांडेसरा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय नवीन प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डांडेसरा में महिला दिवस मनाया गया। महिला शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

## अमाली के उपसरपंच जीत भारद्वाज बने



**नगरी।** ग्राम पंचायत अमाली के उपसरपंच जीत भारद्वाज बनाए गए। जीत के निर्वाचित होने पर सरपंच हिरोंदी धुव, दीनदयाल सेन, देवकुमार कश्यप, तुलेश्वरी धुव, हरिचंद साहू, इंद्रा धुव, अंकुश देवांगन, वर्षा साहू, किरण कोसरे, ग्रामसभा अध्यक्ष धनसिंह साहू समेत अनेक ग्रामवासियों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

# बसंत के रंगों में घुली प्रकृति, हर ओर खिले पलाश के फूल

- बसंत में खिलखिला उठे पलाश के फूल, होली के आगमन का होने लगा अहसास



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

इन दिनों बसंत अपने चरम पर है और प्रकृति खुद को नए रंगों से सजा रही है। गांव-शहरों की सड़कों और जंगलों में पलाश के खिले हुए फूल मानो होली के आगमन की सूचना दे रहे हैं। जैसे ही नजरें इन नारंगी लाल रंगों पर पड़ती हैं। मन आनंद से भर उठता है।

पलाश का यह खिलना न केवल पर्यावरण को रंगीन बना रहा है बल्कि लोगों के दिलों में भी उत्साह जगा रहा है। स्थानीय लोग इसे जंगल की ज्वाला भी कहते हैं। क्योंकि इसके फूल किसी जलती हुई मशाल की तरह दिखते हैं।

### होली और पलाश परंपरा व संस्कृति का संगम

होली का त्योहार रंगों के बिना अधूरा है। प्राचीन समय में लोग पलाश के फूलों से रंग बनाकर होली खेलते थे। कहा जाता है कि पलाश के फूलों से बना रंग त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। आज भले ही कृत्रिम रंगों का प्रचलन बढ़ गया हो लेकिन पारंपरिक रूप से प्राकृतिक रंगों का महत्व अब भी बरकरार है।

### वनों की शोभा और जैव विविधता का हिस्सा

पलाश के फूल न केवल देखने में सुंदर होते हैं बल्कि ये पर्यावरण के लिए भी उपयोगी हैं। इन फूलों से मधुमक्खियां और तितलियां पराग इकट्ठा करती हैं जिससे जैव विविधता बनी रहती है। इसके अलावा, पलाश की लकड़ी और छाल का उपयोग औषधीय गुणों के लिए किया जाता है। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है वैसे-वैसे पलाश के फूल और अधिक खिलकर इस त्योहार की खुशी को और बढ़ा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में लोग इन फूलों को देखकर पुराने समय की यादें ताजा कर रहे हैं और पारंपरिक होली मनाने की तैयारियों में जुट गए हैं।

### पलाश के औषधीय गुण जानते हैं ग्रामीण, वैद्य, हकीम

पलाश केवल अपनी सुंदरता के लिए नहीं जाना जाता, बल्कि यह वनस्पति जगत का एक अनमोल खजाना भी है। इसके विभिन्न हिस्सों का उपयोग दवाओं और अन्य औषधीय प्रयोजनों में किया जाता है। पलाश की छाल, फूल और गोंद का उपयोग आयुर्वेदिक चिकित्सा में किया जाता है। इसे त्वचा संबंधी रोगों, पाचन समस्याओं और बुखार के इलाज में फायदेमंद माना जाता है। जैव विविधता के लिए वरदान इसके फूलों से मधुमक्खियां शहद बनाती हैं और पक्षियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत होता है। पर्यावरण संतुलन में योगदान पलाश के वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं और अपने घने जंगलों से वातावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं।

# कर्मचारी फेडरेशन ने किया कलेक्टर का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, पूर्व जिला संयोजक मुकेश पांडे, महासचिव अमित महोबे, कोषाध्यक्ष एनआर टंडन, प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर, ममता खालसा प्रांत अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ, दीपचंद भारती प्रांत अध्यक्ष, राजस्व निरीक्षक संघ संजय तिवारी, संतोष दीवान ने नए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर जिला सचिव राज्य कर्मचारी संघ एचएल पनिका भी शामिल रहे।

## अंचल की खबरें

### परिक्षेत्र साहू समाज की पहल से हुई घर वापसी



**कुकरेल(धमतरी)।** कुकरेल निवासी यशवंत साहू व उनके पुत्र देवेन्द्र साहू व पुत्री जागृति साहू ने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया था। परिक्षेत्र साहू समाज कुकरेल ने गंगाजल से शुद्धिकरण एवं मां कर्मा की पूजा व आशीष लेकर समाज में उनकी घर वापसी कराई। इसमें अध्यक्ष नारदराम, सचिव यशवंत कुमार, संरक्षक भरतलाल, कोषाध्यक्ष मस्तराम, उपाध्यक्ष हेमंत कुमार, अशोक, अमृतलाल, लेखराम, खेमन, डेहरलाल, सियाराम, उमेशकांत, केशर साहू, चन्द्रहास, कृष्णा, संतोष, पतितराम, केशर, मंशाराम, सुखराम, मनोहर, धनाजी, ऋषि साहू, प्रवीण, शिवप्रसाद, दिनेश का सहयोग रहा।

### अशोक कुमार बने कुकरेल के उपसरपंच



**कुकरेल(धमतरी)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सरपंच व पंच चुनाव के बाद उपसरपंच का निर्वाचन हुआ। कुकरेल पंचायत में अशोक कुमार यादव सर्वसम्मति से उपसरपंच निर्वाचित हुए। इस अवसर पर ओंकार सिंह नेताम सरपंच, सचिव ओमप्रकाश यादव, रोजगार सहायक धर्मेन्द्र नेताम तथा पंचगण दुलेश्वरी सिन्हा, देवबती ध्रुव, जागेश्वरी ध्रुव, राधिका ध्रुव, राजेश्वरी, राजपूत, प्रवीण साहू, कुलेश्वर निषाद, विवेक कतलाम, फगनी ध्रुव, निलेश कुमार ध्रुव, कुमारी ध्रुव, योगेश्वरी कोर्राम उपस्थित थे।

### आपसी तालमेल और सामंजस्य से करेंगे गांव का विकास



**धमतरी।** ग्राम पंचायत शकरदाह में हुए उपसरपंच चुनाव में विनोद डिंडोलकर ने मारी बाजी। कांग्रेस पार्टी से उपसरपंच पद के लिए विनोद डिंडोलकर ने नामांकन भरा था जिसे 9 वोट मिले। उनके साथी उम्मीदवार गोपेश साहू को 6 वोट व उमेश साहू को 2 वोट मिले। इस प्रकार विनोद डिंडोलकर ने 1 वोट से जीत हासिल कर उपसरपंच के पद पर अपनी जगह सुनिश्चित की। उनके उपसरपंच बनने पर सरपंच श्री रमी गौतम, रामलाल ध्रुव, उमेश कुमार साहू ,उदयराम साहू, बिमला साहू ,कुन्तीबाई गोंड, केशरी बाई साहू ,गोपेश कुमार साहू , मीना धुव समेत अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। नवनिर्वाचित उपसरपंच विनोद डिंडोलकर ने कहा कि यह उनकी नहीं बल्कि सहयोगी कार्यकर्ताओं व पंचों की जीत है। सरपंच व पंचों के साथ आपसी तालमेल और सामंजस्य बिठाकर गांव के विकास में कार्य करेंगे।

### जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने ली शपथ




**नगरी।** जनपद पंचायत नगरी में सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा एवं जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू एवं सभी जनपद सदस्य को जनपद पंचायत नगरी सीईओ करुणा सागर पटेल द्वारा शपथ दिलाई गई। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, प्रदेश सहसंयोजक महेंद्र पंडित,पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश नेताम ,राजेंद्र गोलछा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेद्र शुक्ला, महामंत्री कमल डागा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, रवि दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, अजय नाहटा, पूर्व नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, महेंद्र नेताम समेत नपं नगरी के पार्षदगण, सरपंचगण तथा जनपद पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

- जनपद पंचायत सीईओ ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

### सुंदरगंज वार्ड के निवासी महापौर से मिले



**धमतरी।** सुंदरगंज वार्ड की विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्डवासी कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी के साथ महापौर से मिले। तेलीपारा में नाली निर्माण एवं नाला की साफ सफाई करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, वार्ड में निवास कर रहे लोगों को पट्टा दिलाने, सामुदायिक भवन आंगनबाड़ी का कार्य शीघ्र करवाने, आदिवासी भवन, नहर के आजू बाजू की गलियों में नाली एवं सड़क निर्माण, सपना कालोनी में अधूरे रंगमंच को पूर्ण करवाने, अशोक चावल दुकान के पास लाइट की व्यवस्था करने, बस स्टैंड के पीछे रोड नाली निर्माण करवाने की मांग की। महापौर रामू जगदीश रोहरा ने जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। मौके पर धनु मानिकपुरी, विकास मानिकपुरी, राजेश ध्रुव, आशीष ध्रुव समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

### मोतीलाल नेहरू स्कूल में सम्मान व विदाई समारोह हुआ

**धमतरी।** पंडित मोतीलाल नेहरू प्राथमिक शाला क्रमांक पांच में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों ने नयापारा वार्ड की नवनिर्वाचित पार्षद पूर्णिमा गजानंद रजक का सम्मान किया। समारोह में एसएमसी अध्यक्ष राही बाई ध्रुव ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। वहीं कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह भी आयोजित किया गया था। कक्षा पांचवीं के छात्रों को कंपास बाक्स, परीक्षा पेड व पेन देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पार्षद पूर्णिमा रजक ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यशवंत देवांगन संकुल समन्वयक ने विद्यार्थियों को केन्द्रीयकृत परीक्षा की जानकारी दी। प्रधानपाठक नोमेश कुमार साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष स्माइल गोरी, नरेश साहू, गजानंद रजक, दिलीप ढीमर, शिक्षक नीरेश ध्रुव, थामस साहू, शांता यादव, निर्मला पावरिया, सार्थक स्कूल से मैथिली गोड़े, देविका दीवान, चम्पा निर्मलकर, चम्पा निर्मलकर, आशा निषाद समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जैविक कृषि मेला में किसानों को मिली जैविक और मिश्रित खेती की नई दिशा

# शासन की योजनाएं तभी सार्थक, जब धरातल पर दिखे बदलाव : अरुण






हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जनपद पंचायत नगरी के ग्राम पंचायत झुझराकसा में जैविक कृषि मेला का आयोजन किया गया, जहां किसानों को जैविक और मिश्रित खेती के उन्नत तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी, जब उनका प्रभाव धरातल पर दिखे।

अरुण सार्वा ने आगे कहा कि जैविक खेती मृदा की उर्वरता को बनाए रखती है और लंबे समय तक टिकाऊ होती है, लेकिन पूर्णतः जैविक खेती करने से उत्पादन में कमी आ सकती है। उन्होंने किसानों को मिश्रित खेती अपनाने की सलाह दी, जिसमें जैविक पद्धतियों के साथ ऐसे आईपीएम (इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट) प्रमाणित रासायनिक उत्पादों का प्रयोग हो, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित न हो और पर्यावरण, पशुधन और मानव स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसान हितैषी कार्यक्रमों का लाभ तभी मिलेगा, जब अधिकारी और संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसानों तक सही जानकारी और संसाधन पहुंचें। केवल कार्यक्रमों का आयोजन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका व्यावहारिक परिणाम खेतों में दिखना चाहिए।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरुकता जरूरी

जिपं सदस्य अजय फत्तेलाल ध्रुव ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक सही तरीके से पहुंचे, इसके लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गंभीरता से लेना होगा। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि आज के दौर में जैविक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यदि किसान वैज्ञानिक तरीकों से खेती करें, तो वे अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं।

### किसानों को जैविक खेती के उन्नत तरीकों की दी जानकारी

कृषि विभाग के अधिकारियों ने जैविक खेती की उन्नत विधियों जैसे वर्मी कंपोस्ट, जैविक कीटनाशक, फसल चक्र, प्राकृतिक उर्वरकों और आधुनिक जैविक तकनीकों पर किसानों को प्रशिक्षित किया। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने भी बताया कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक है।

### गांव में नई कृषि क्रांति की उम्मीद

कार्यक्रम में महेश गोटा जनपद पंचायत अध्यक्ष नगरी, प्रभा नेताम जनपद सदस्य घोटगांव, वासुदेव गंजीर युवा मोर्चा महामंत्री मंडल कुकरेल, लगनू कुंजाम, रुपसिंह नेताम, सरपंच झुझराकसा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और किसानों की उपस्थिति रही। इस मेले से किसानों को जैविक और मिश्रित खेती के वैज्ञानिक तरीकों की व्यवहारिक जानकारी मिली, जिससे भविष्य में क्षेत्र में संतुलित और टिकाऊ कृषि की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

## खबर संक्षेप



### बालोद नपा अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**अंवरी।** बालोद के नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी एवं पार्षदगणों का नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने अपने निवास स्थान में स्वागत किया। मुंह मीठा कराया। उल्लेखनीय है कि बालोद में दस वर्षों पश्चात भाजपा की सरकार बैठी है। उपाध्यक्ष कमलेश सोनी एवं 12 पार्षदों का समर्थन उन्हें प्राप्त है। अमित चोपड़ा मंडल अध्यक्ष के साथ रायपुर प्रवास पर निकली टीम का ज्योति जैन के निज निवास में स्वागत हुआ।

### हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ शीघ्र मिले : पवार

**धमतरी।** जनपद सदस्य एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी



प्रकाश पवार कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में वर्षों से आशियाने की बाट जोह रही जनता को तारीख पे तारीख मिल रही है। सरकार सिंगल से डबल हो गई। डबल से अब ट्रिपल। अधिकांश जिला पंचायत, जनपद में भाजपा काबिज हो गई है। अब पूरी रफ्तार से आवास योजना का कार्य होना चाहिए, जिन लोगों का सूची में नाम आ गया है ,उन्हें शीघ्र राशि जारी की जानी चाहिए। बहुत से लोग फार्म भरकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उनको भी शीघ्र आवास प्रदान किया जाना चाहिए। विकास कराने के लिए सरकार के पास पूर्ण स्वतंत्रता है फिर भी न जाने क्यों आवास का कार्य मंद पड़ा है। महतारी वंदन योजना में छुटी हुई महिलाओं का नाम फिर से नाम जोड़ना चाहिए।

### कराते खिलाड़ियों को दिया गया बेल्ट

**धमतरी।** जिले से 75 बालक एवं बालिकाओं ने जनवरी माह में बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम दिया था। सभी कराते खिलाड़ियों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। रविवार को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में सभी खिलाड़ियों को जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसई अशोक सिन्हा ने बेल्ट प्रदान किया। श्री सिन्हा ने कहा कि कराते आत्मरक्षा, धैर्य और एकाग्रता का मिश्रित स्रोत है। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार खेल को बढ़ाने निरंतर कार्य कर रही है। पिछले साल राज्य सरकार ने खेल अलंकरण अवार्ड समारोह का आयोजन किया और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। कार्यक्रम में 2 ब्लू बेल्ट, 18 ग्रीन बेल्ट, 30 आरेंज बेल्ट, 25 येलो बेल्ट कराते खिलाड़ियों को दिया गया। इस अवसर पर धमतरी कराते संघ के उपाध्यक्ष सोहन चक्रधारी, कोषाध्यक्ष विकास दत्त, सचिव गोविंद सार्वा, सह सचिव हेमंत चक्रधारी, विद्या कुर्रे, अंजलि फूटान, रिया फूटान, कुष्मिता साहू समेत खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित थे।

संकरा मार्ग में ट्रैफिक का दबाव बढ़ा, दुर्घटना से कइयों की जान गई

# रोड का चौड़ीकरण बजट में शामिल अब लोगों को बनने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के सिहावा चौक से लेकर नहर नाका तक, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक, अंबेडकर चौक से लेकर गंगरेल तक सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव को राज्य शासन ने स्वीकृत कर बजट में तो शामिल कर लिया है लेकिन यह कब बनेगा समय ही बताएगा। बहरहाल लोगों को इन सड़कों के चौड़ीकरण का बेसब्री से इंतजार है। चौड़ीकरण के अभाव में संकरा मार्ग में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। जिला मुख्यालय होने व नेशनल हाईवे मार्ग में स्थित होने के कारण धमतरी की इन सड़कों में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। भारी वाहनों के चलने के कारण ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। धमतरी शहर के आसपास के 50 गांव के लोगों का आना-जाना होने के कारण सुबह से लेकर शाम तक इन मार्गों में भीड़ बनी रहती है। चौड़ीकरण होने से दुर्घटना में कमी आएगी। लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

शहर के नागरिक मनीष कुंजाम, कोमल साहू, भूषण यादव, शत्रुघ्न सोनकर, हेमंत यादव, विनोद सिंह, कमलेश सिंह का कहना है कि पिछले समय भी राज्य शासन ने इन मार्गों के चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव पर स्वीकृति दी थी। बजट में शामिल होने के पहले ही यह कार्य वापस चला गया। इस बार भी ऐसा न हो इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। बजट में शामिल होने के बाद महीने भर के अंदर निर्माण कार्य के लिए फंड की व्यवस्था होनी चाहिए तथा निविदा निकालकर रोड चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाना चाहिए। बता दें कि इन सड़कों को फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिली है। रायपुर से बस्तर को जोड़ने वाले धमतरी में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है। गंगरेल बांध होने के कारण हर साल 10 लाख पर्यटक धमतरी पहुंचते हैं। यातायात व्यवस्था ठीक नहीं होने से सड़क हादसों में लोगों की मौतें हो रही हैं। चौड़ीकरण होने से ट्रैफिक को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। शहरवासी धूल के गुबार और संकरी गलियों से निजात पाना चाहते हैं।

जानकारी के अनुसार अंबेडकर चौक से रुद्री तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 30 करोड़ रूपये की स्वीकृति हुई है। वहीं सिहावा चौक से नहरनाका चौक तक फोरलेन सड़क के लिए 28 करोड़, रत्नाबांधा चौक से लेकर मुजगहन तक 23 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है। नेशनल हाईवे से सिहावा चौक, हरफतराई तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है। रत्नाबांधा चौक से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस तक ढाई करोड़ रूपये की स्वीकृत हुई है। धमतरी से कुकरेल मार्ग के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 18 करोड़ रूपये का प्रस्ताव भेजा गया है। विदित हो कि शहर के तीनों मार्ग आवागमन का प्रमुख साधन है। रुद्री गंगरेल रोड पर्यटकों के लिए खास है। वहीं रत्नाबाधा मुजगहन रोड दुर्ग भिलाई बालोद जाने वालों के लिए काफी सुगम मार्ग है। सिहावा रोड प्रमुख रूप से व्यावसायिक केंद्र बनते जा रहा है। नगरी सिहावा जाने का प्रमुख मार्ग होने से यातायात का दबाव बढ़ गया है। समय की मांग है कि इस मार्गों को चौड़ीकरण किया जाए। नेशनल हाईवे मार्ग से हरफतराई नहर बाईपास निर्माण को बजट में शामिल किया गया है। इसके लिए 3 साल पहले 2 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। निगम ने टेंडर की तैयारी कर ली थी लेकिन यह काम लटक गया। अब शहर में नई सरकार आने के बाद इस बाईपास मार्ग के शीघ्र पूरा होने की आस है।

## सामाजिक जनप्रतिनिधि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें



- रानीतराई में प्रदेश भर के महार, महारा समाज से चुने हुए जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मेश्राम फॉर्म हाउस रानीतराई में 9 मार्च को नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महार, महरा समाज से विजयी हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान स्मृति चिन्ह, शाल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया गया। फिंगेश्वर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, नगर निगम धमतरी पार्षद श्रीमती सुमन सोमेश मेश्राम, जनपद पंचायत सदस्य पाटन दुलेश्वर मानकुर, सरपंच असोगा श्रीमती जानकी चोपड़यि, सरपंच सिमगाव ललित कुमार, सरपंच चरोटा श्रीमती भानेतत पटेल, सरपंच रजौली त्रायेदत मुकेश, पंच पवन डोगरवार, पंच प्रकाश भास्कर, पंच लक्ष्मी अग्रवाल समेत 58 स्वजातीय जनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीराम शैलेंद्र प्रांताध्यक्ष सर्व महार समाज थे। अध्यक्षता खिलावन चोपड़यि प्रांताध्यक्ष पंजीकृत शाखा, सभापति चंद्रभान मेश्राम ने की। विशेष अतिथि बोधराय खरे एवं रेवाराम रायपुरिया थे। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी सामाजिक जनप्रतिनिधि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए समाज के उत्थान में योगदान करें। सामाजिक कुरीतियां, दोषपूर्ण व्यवस्था और कुप्रथाओं के उन्मूलन हेतु व्यवस्थित आचार-संहिता का पालन करने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार कामड़े और हरिकिशन पावरिया ने किया। इस अवसर पर समाज के सचिव गजेंद्र सारथे, कोषाध्यक्ष गिरधर मेश्राम, श्री देवजी युवा मंच के संरक्षक सोमेश मेश्राम, हितेश गंगवीर समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## बाल क्षयरोग की पहचान एवं रेफरल में योगदान को किया स्पष्ट

जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल क्षयरोग की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला स्तरीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाल क्षयरोग के संबंध में जानकारी दी गई। जिले में बाल क्षय रोग, टीबी की शीघ्र पहचान, प्रबंधन एवं शीघ्र रोकथाम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक रेस्टोरेंट में जिला स्तरीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल क्षयरोग की पहचान, रेफरल प्रणाली को मजबूत करना एवं स्वास्थ्य संबंधित अन्य विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम में पंजीकरण व पूर्ण परीक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को बाल क्षयरोग विषय पर जानकारी दी गई। जिला क्षय अधिकारी डॉ. टीएम ध्रुव ने बाल क्षय रोग की गंभीरता और इसके शीघ्र निदान पर बल दिया। डा. अभिलाषा शर्मा ने बाल क्षयरोग परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान आरबीएस के मेडिकल आफिसर, मितानिन, एएनएम, एसटीएस ने बाल क्षयरोग की पहचान एवं रेफरल में अपने योगदान को स्पष्ट किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. ध्रुव व डॉ. शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी हितधारकों के सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए बाल क्षयरोग की रोकथाम में सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने रंजना को किया सम्मानित



**धमतरी।** विश्व महिला दिवस पर मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि मैं इस सम्मान से अभिभूत हूं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार नया आयाम स्थापित कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश पुनः विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कई योजना चला रही है। महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1000 की राशि दी जाती है। इसी तरह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी योजना, महिला स्वयं सहायता समूह की स्थापना, छत्तीसगढ़ गृहस्थी योजना, श्री धन योजना, महिला सुरक्षा के लिए महिला पुलिस सहायता जैसी अनेक योजनाएं लाकर महिला सशक्तिकरण को एक नई दिशा प्रदेश की भाजपा सरकार दी रही है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का हुआ सम्मान



- फागुन तिहार सभी के जीवन में खुशियों का रंग लेकर आता है: पं राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महालक्ष्मी ग्रीन्स स्थित राधाकृष्ण भवन में धमतरी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 120 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की उपस्थिति रही। समाजसेवी और भाजपा नेता पं राजेश शर्मा हर साल इस तरह का आयोजन करवाते हैं, जहां नारी शक्तियों का सम्मान किया जाता है।

राधाकृष्ण भवन में सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ पं राजेश शर्मा ने होली मिलन किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को उपहार देकर सम्मानित भी किया।

पं राजेश शर्मा ने कहा कि फागुन तिहार हम सभी के जीवन में खुशियों का रंग लेकर हर साल आता है, लेकिन हमारी आंगनबाड़ी की दीदियों के दम से हर किसी की आंगनबाड़ी में खुशियों का रंग हमेशा बना रहता है। ऐसी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के सम्मान से आत्मिक सुख मिलता है। इस आयोजन में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमलता शर्मा, पूर्व जिपं सदस्य खूबलाल ध्रुव, विकास शर्मा, प्राची सोनी, नीलू डागा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेश डागा ने किया।

## भैंसमुंडी में शहीद नकुल ध्रुव को किया नमन



- जनपद सदस्य समेत अनेक जनप्रतिनिधि श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत भैंसमुंडी में 11 मार्च को शहीद नकुल ध्रुव को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया।

विदित हो कि भैंसमुंडी निवासी हवलदार नकुल ध्रुव झीरमघाटी तोंगपाल थाना जिला सुकमा में 2014 में ड्यूटी के दौरान नक्सली हमल में शहीद हो गए। उनके शहादत दिवस पर क्षेत्र क्रमांक 12 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य रूपचंद देवांगन, सरपंच ओमप्रकाश यादव सहित कुरूद थाना के स्टाफ उपस्थित हुए और शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर सरपंच ओमप्रकाश यादव, उपसरपंच जानकी संतोष यादव, हाईस्कूल प्रिंसिपल रामकुमार तांडे, प्रधानपाठक गोविंद साहू, जगमोहन साहू, उमराव निषाद, शाला विकास समिति अध्यक्ष देवलाल साहू, डा. रोशन साहू, डा. भानु साहू, लक्ष्मीकांत साहू, थानुराम, संतोष यादव, हेमंत, रामबरन, मीनाक्षी, देवकी साहू, चमेली विश्वकर्मा, भूमिका यादव, हेमलता साहू, आशा साहू, कामिनी ध्रुव, सुनील नाग, पार्वती ध्रुव सहित स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने शहीद नकुल ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ी देवांगन समाज की सक्रियता : विनय

- सुपेला में हुई जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक ग्राम सुपेला में हुई जिसमें जिला संगठन, युवा संगठन, महिला संगठन, भवन निर्माण के पदाधिकारी एवं मंडलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बैठक में जिले का वार्षिक सम्मेलन 27 अप्रैल रविवार को धमतरी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। वर्तमान में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी हुए समाज के लोगों का सम्मान जिले के वार्षिक सम्मेलन में किया जायेगा। भवन निर्माण समिति अध्यक्ष द्वारा धमतरी में स्थित देवांगन भवन में एसी हॉल के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। जिसे समाज में सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि सर्व सुविधायुक्त भवन एवं एसी हॉल की सुविधा का लाभ विभिन्न आयोजनों के लिए देवांगन समाज एवं अन्य समाज के सदस्य बुकिंग कराकर ले सकते हैं। युवा संगठन के अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि देवांगन समाज के प्रत्येक सदस्य अपने अभिवादन की शुरुआत देवांगन समाज की आराध्य देवी जय मां परमेश्वरी से करें जिसे बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। जिला अध्यक्ष विनय देवांगन ने नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में विजयी हुए देवांगन समाज के साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजनीतिक रूप से देवांगन समाज में काफी जागरूकता आई है जिसके कारण से नगरीय एवं पंचायती राज में देवांगन समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में संरक्षक रामगोपाल देवांगन, घनश्याम देवांगन, जिलाध्यक्ष विनय देवांगन, उपाध्यक्ष लखनलाल देवांगन, प्रीतराम देवांगन, भूपत, देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, महासचिव जयलाल देवांगन, सहसचिव रामचंद्र देवांगन, खूबलाल देवांगन, संतोष देवांगन, संगठन सचिव दसेलाल देवांगन, विधिक सलाहकार मोहित देवांगन, शंकर देवांगन, भवन निर्माण प्रकोष्ठ अध्यक्ष टीकाराम देवांगन, संरक्षक शत्रुघ्न देवांगन, महिला संगठन अध्यक्ष वेदिका देवांगन, इंदिरा देवांगन, लता देवांगन, युवा संगठन अध्यक्ष दीपेश देवांगन, सचिव वीरेंद्र देवांगन, मयंक देवांगन, संगठन सचिव प्रीति देवांगन, सुपेला मंडल अध्यक्ष चम्पेश्वर देवांगन पोटियाडीह, विजय देवांगन, सुनील देवांगन भोथली, सचिव रोहित देवांगन सहित चंद्रप्रकाश देवांगन, दुष्यंत देवांगन, धमतरी मंडल अध्यक्ष जगदीशचंद्र देवांगन, शंकर देवांगन, भागवत देवांगन, मानसमणि देवांगन, नैरित देवांगन, धनेश देवांगन, विष्णु देवांगन सहित सभी मंडल के पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

## भारत ने 12 साल बाद जीती चैम्पियंस ट्राफी

**धमतरी।** भारत की क्रिकेट टीम ने एक बार फिर अपना जलवा बिखेरा। पूरे विश्व में क्रिकेट खेल पर अपना दबदबा कायम करते हुए 12 साल बाद चैम्पियंस ट्राफी 2025 का खिताब जीत लिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल रहा। धमतरी में भी जीत के बाद घड़ी चौक में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाया, आतिशबाजी की, मिठाई बांटकर खूब नाचे। भारत का तिरंगा लहराया। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे ऐतिहासिक जीत बताया। भारत की जीत होते ही होली के ढोल-नगाड़े खूब बजे। लोगों ने सड़क पर उतरकर जश्न मनाया। लोग रंग गुलाल से सराबोर रहे। क्रिकेट प्रेमियों के इस जश्न में महापौर रामू रोहरा, वरिष्ठ नागरिक महेंद्र खंडेलवाल, गौतम वाधवानी, योगेश रायचुरा भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि भारत ने 12 साल बाद चैम्पियंस ट्राफी जीती है। इससे पूरे देशवासियों को गर्व है। भारत ने 9 माह के अंदर दो ट्राफी पर कब्जा किया है। जश्न के इस माहौल में कुछ क्रिकेट प्रेमी भारतीय टीम की जर्सी भी पहने हुए थे।








धुव गोंड़ समाज की जिलास्तरीय बैठक में चैत्र नवरात्रि समेत अन्य विषयों पर हुई चर्चा

## सामाजिक नियमावली का पालन नहीं करने वालों की सूची बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मंगलवार को आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की जिला स्तरीय बैठक आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज भवन में हुई। बैठक में मां अंगारमोती के समुचित विकास एवं आने वाले चैत्र नवरात्रि पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों को नवरात्रि के सफल संचालन के लिए कार्यभार भी सौंपा गया।

सामाजिक नियमावली का पालन नहीं करने वाले सामाजिक लोगों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे समाज के नियमानुसार कार्य करें। सामाजिक नियमावली का पालन नहीं करने वालों की सूची तैयार करने कहा गया है। इसके अलावा समाज ने गोंडी धर्म छोड़कर अन्य धर्म में शामिल होने वाले लोगों को भी चिन्हांकित कर उन्हें सामाजिक रीति नीति से अवगत कराकर समझाइश दी जाएगी और उन्हें पुनः समाज शामिल किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष माधव सिंह ध्रुव, संरक्षक जीवराखन मरई, शिवचरण नेताम, जयपाल सिंह ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव, चुन्नीलाल ध्रुव, सोमनाथ ध्रुव, हरिश्चंद्र नेताम, गणेश राम मरई, पुनूराम नेताम, सेवकराम ध्रुव, भानुराम नेताम, कृपाराम ध्रुव, परसादी राम चन्द्रवंशी, कोमल सिंह नेताम, काशीराम छेदैया, ठाकुर राम मंडावी, मानसिंह ध्रुव, अर्जुन सिंह कोर्राम, श्यामलाल ध्रुव, संतोष ध्रुव, गिरधारीलाल नागवंशी, शिव नेताम, घनश्याम नेताम, ठाकुरराम नेताम, राधेश्याम नेताम, ललित ठाकुर, शिवप्रसाद कोर्राम, कृष्णा नेताम, भीखम नेताम, नन्दा नेताम, गीता नेताम, शशि ध्रुव, अनी ता ध्रुव, चन्द्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, चंद्रिका ध्रुव, राजेंद्र पडोटी, नीलू छेदैया, रामेश्वर, मरकाम, हर्ष मरकाम सहित बड़ी संख्या सामाजिकगण उपस्थित थे।